BH-186

2021

Time : 3 Hours

Full Marks : 100

परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

दाहिने ओर किनारे में दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के वस्तुनिष्ठ उत्तर दें– 20×1=20

(क) 'अंग्रेजी की अपेक्षा हिन्दी सीखना बहुत सरल है।' किसका कथन है?

(ख) 'दुनिया से कह दो कि गाँधी अंग्रेजी नहीं जानता।' गाँधी जी ने यह संदेश कब दिया था?

(ग) 'सर्वोदय' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग किसने किया?

(घ) गाँवों का सबसे प्रसिद्ध त्योहार क्या है?

(ड) बचपन से ही राजेन्द्र बाबू पर किस चीज का प्रभाव था?

(च) हमारा राष्ट्रभाषा प्रचार एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है?

(छ) पूर्व में भारतीय जहाज तिजारत के साथ–साथ और किस कार्य को करने का माध्यम था?

https://www.tmbuonline.com

(ज) 'समाज और धर्म' शीर्षक निबंध के लेखक कौन हैं?

(झ) क्या मानव संस्कृति अविभाज्य है?

(ञ) वासुदेव शरण अग्रवाल का कौन–सा निबंध आपके पाठ्यक्रम में शामिल है?

(ट) भारतीय किसान के जीवन की कुंजी क्या है?

(ठ) किसान अपनी आर्थिक और बौद्धिक स्वतंत्रता क्यों खो रहा है?

(ड) 'ताजमहल' निबंध के रचनाकार कौन है?

(ढ) 'ताजमहल' किसने और किसकी स्मृति में बनवाया?

(ण) मोटरू सत्यनारायण का जन्म किस प्रदेश में हुआ?

(त) भारत की आठवीं अनुसूची में कितनी भाषाएँ है?

(थ) हिन्दी भाषी प्रदेश कौन–कौन है?

(द) 'तारों की जीवन गाथा' किस प्रकार का निबंध है?

(ध) स्रोत भाषा से क्या तात्पर्य है?

(न) 'लक्ष्य भाषा' से क्या तात्पर्य है?

(2) निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें। 2×15=30

(क) भारत की एकता और अखंडता के लिए हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाया जाना कहाँ तक उपयुक्त है? स्पष्ट करें।

https://www.tmbuonline.com

(ख) 'धरती' शीर्षक निबंध के आधार पर सिद्ध करें कि 'आत्मनिर्भरता भारतीय किसान के जीवन की कुँजी है।'

(ग) मीडिया की भाषा के रूप में हिन्दी की उपयोगिता पर अपने विचार दें।

(घ) 'ताजमहल' एक बादशाह की मुहब्बत का इज़हार है।' इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं?

3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो के अर्थ स्पष्ट करें। 2×5=10

(क) 'सर्वोदय' शब्द अगर इस समय न आया होता तो साम्राज्य प्राप्ति के बाद तो हम ध्येयविहीन बन जाते या गलत ध्येय में फँस जाते।

(ख) देश की आशा उसकी धरती है। भारत खेतीहरों का देश है। किसान धरती के बेटे हैं। जहाँ किसान जिएगा तो सब कुछ है। किसान बिलट गया तो सब कुछ बंटाधार समझिये।

(ग) 'आदमी खुद कमजोर है, पर उसके करतब बड़े हैं, उसकी तदबीर बड़ी है।'

(घ) 'रूस ने बिना अंग्रेजी के विज्ञान में उन्नति की है। मेरी मातृभाषा में खामियाँ क्यों न हों, मैं उससे उसी तरह चिपटा रहूँगा, जिस तरह अपनी माँ की छाती से। वही मुझे जीवनदायिनी दूध दे सकती है।'

https://www.tmbuonline.com

4. अपने मित्र के पास एक पत्र लिखें जिसमें अपने महाविद्यालय के वार्षिक खेल महोत्सव का वर्णन हो। 1×10=10

5. वाक्य प्रयोग द्वारा लिंग–निर्णय करें। 1×10=10

तस्वीर, रोशनी, अरहर, चाँदी, संस्कृति, आँसू, भय, तृष्णा, नशा, जुलूस।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं दस शब्दों के मानक हिन्दी रूप लिखें। 1×10=10

Application, official language, File, Service Forwarded, Admission Fee, Aggregate, Journal, Registrar, Face Value, Fortnight, Oxygen, Mobile

7. मुहावरा और लोकोक्ति के अंतर को उदाहरण सहित स्पष्ट करें। 1×10=10

अथवा

हिन्दी भाषा के विविध रूपों का विश्लेषण करें।

••••

https://www.tmbuonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

https://www.tmbuonline.com